# बारिश में भीगा गेहूं, किसानों को हुई परेशानी

**सिवनी नवभारत। सहकारी समिति सिलादेही द्वारा संचालित गेहूं खरीदी केंद्र बाघराज स्थित अरिहंत वेयर हाउस में अव्यवस्थाओं का आलम चरम पर पहुंच गया है। खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाओं की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

वेयरहाउस परिसर में पर्याप्त जगह नहीं होने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार राष्ट्रीय राजमार्ग-44 तक जा पहुंची है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इसी दौरान जमुनिया गांव का एक किसान ट्रैक्टर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कर आईसीयू में रखा गया है। इस घटना के बाद और भी हादसों की आशंका बढ़ गई है। दोपहर में अचानक तेज आंधी और बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। खुले में रखा करीब 2500 क्विंटल गेहूं भीग गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। वेयरहाउस परिसर में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी भर गया और उपज सुरक्षित नहीं रह सकी। स्थिति यह है कि 60 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रही हैं। कई किसान 4-5 दिनों से केंद्र पर डटे हुए हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। केंद्र प्रभारी भीकम सनोदिया के अनुसार, वेयरहाउस प्रबंधन और हमालों के बीच विवाद के चलते खरीदी कार्य बार-बार बाधित हो रहा है। हमालों से आधार कार्ड की मांग और गड़बड़ी की स्थिति में भरपाई की जिम्मेदारी डाले जाने से नाराज हमाल 22 अप्रैल से काम पर नहीं आ रहे हैं। बीच में व्यवस्था संभली, लेकिन अब फिर से काम ठप हो गया है। 15 अप्रैल से अब तक मात्र लगभग 6969 क्विंटल गेहूं की ही खरीदी हो सकी है, जो लक्ष्य की तुलना में बेहद कम है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के बीच उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है कि आखिर कब तक किसानों को इन समस्याओं से राहत मिल पाएगी।

# क्या प्रशासन हादसे पर संज्ञान लेकर करेगा कार्यवाही

**नरवाई की आग में शिक्षक दंपति झुलसे, नागपुर में उपचार के दौरान पत्नी की हुई मौत**

**छपारा नवभारत।** पूरा मामला विगत 30 अप्रैल को शाम लगभग पांच से छह बजे का है जहां क्षेत्र में चले तेज आंधी तूफान में जहां सैकड़ों पेड़ जमींदोज हो गए और जनजीवन लगभग ढेड़ घंटे अस्त-व्यस्त हो गया तो वहीं नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम बर्रा निवासी एवं छपारा सांदीपनि विद्यालय में पदस्थ पति-पत्नी अतिथि शिक्षक यतेन्द्र नागले एवं श्रीमती जयश्री नागले गुरुवार को देवरी माल और चमनपूरी क्षेत्र में दोनों बच्चों के साथ दोपहिया वाहन से शादी समारोह में मार्ग से जा रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार उसी दौरान उक्त क्षेत्र में लगाई गई नरवाई की इतनी भड़की आग गई जो सड़क तक पहुंच गई और तेज आंधी तूफान से दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर गए जहां आग की चपेट में आने से पत्नी

श्रीमती जयश्री नागले को उस आग लपटों ने ले लिया झुलसते हुए देख यतेन्द्र नागले ने उन्हें भरसक आग से बचाव करने की कोशिश की जिसमें खुद भी स्वयं बुरी तरह झुलस गए और बच्चों को मौके पर उपस्थित जनों ने बचा लिया लेकिन इस हादसे में दंपति दोनों आग से बहुत अधिक झुलस गए जिन्हें पहले जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचाया गया जहां से दोनों की गंभीर हालत के चलते दोनों को नागपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार हेतु पहुंचाया गया वहीं दूसरे दिन 1 मई को श्रीमती जयश्री नागले 38

वर्ष ने उपचार के दौरान दम तोड दिया पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों ने 1 मई को देर शाम ग्राम बर्रा में मृतक महिला श्रीमती जयश्री नागले का अंतिम संस्कार बड़ी संख्या शिक्षक वर्ग व रिश्तेदारों सामाजिक जनों की उपस्थिति में किया वहीं यतेन्द्र नागले की स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर बनी हुई है अचानक आई शिक्षक दंपति पर विपदा की घड़ी में सर्व शिक्षा विभाग एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा भरसक आर्थिक मदद जुटाने का प्रयास किया जा रहा है एक ओर इस घटना से क्षेत्रीय वासियों द्वारा प्रशासन से नरवाई जलाने को लेकर प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की जा रही है वहीं दूसरी ओर उक्त जलाई गई नरवाई की आग में संबंधित लोगों जवाबदेही पर भी जांच एवं कार्यवाही किए जाने की मांग उठ रही है।

## एक नजर में

### पी जी कॉलेज में CUET इंटरव्यू 14 मई तक सतत जारी

सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के एन ई पी प्रभारी डॉ मान सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2026-27 में प्रवेश के लिए CUET परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की जा रही है। 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं उनको संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में आवश्यक दस्तावेजों (10वीं, 12वीं अंकसूची) के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा। स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/माइनर के इतर अन्य विषय/संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें भी अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। ऐसे विद्यार्थी प्रात: 11 से 2:00 बजे के बीच कार्य दिवस में किसी भी दिन, 14 मई 2026 तक उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते हैं। साक्षात्कार के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है उस प्रमाण पत्र को प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करना आवश्यक होगा। अन्यथा अन्तर संकाय / विषय में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

### पत्रकार राकेश दुबे पंचतत्व में विलीन

सिवनी। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पत्रकार राकेश दुबे का शुक्रवार को नागपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार को सुबह 11 बजे लखनवाड़ा स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। शुभचिन्तकों व पत्रकारों ने ाोकाकुल परिवार को सांत्वना देकर गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्राथना ईश्वर से की।

### भगवान शनिदेव जयंती महोत्सव 16 को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा

सिवनी। श्री सिद्धशनि धाम ट्रस्ट, बंजारी टेकरी, पलारी नागपुर रोड (सिलादेही), जिला सिवनी द्वारा भगवान श्री शनिदेव जयंती महोत्सव का आयोजन 16 मई 2026, शनिवार को भव्य रूप से किया जाएगा। प्राचीन सूर्य मंदिर, टैगोर वार्ड, बरघाट रोड सिवनी में आयोजित इस धार्मिक उत्सव को लेकर भक्तजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार, शनिदेव जयंती के पावन अवसर पर समस्त पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने सभी भक्तों से धर्म लाभ अर्जित करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। प्रात: 6:00 बजे ब्रह्म मुहूर्त में श्री गणेश पूजन के साथ शुभारंभ होगा। प्रात: 7:00 बजे श्री शनिदेव ध्वजारोहण के पश्चात प्रात: 7.30 बजे श्री शनिदेव अभिषेक किया जायेगा। वहीं प्रात: 11.00 बजे श्री शनिदेव प्रसन्नता हेतु हवन पूजन एवं दोपहर 3.00 बजे प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा। सायं 5.00 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। यह महोत्सव श्रद्धा, सेवा और धर्म के प्रति समर्पण का विशेष अवसर माना जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

### जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण जारी

सिवनी। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत सिवनी जिले के नगरीय एवं ग्रामीण सभी क्षेत्रों में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य प्रारंभ हो गया है। यह कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण में प्रगणक घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मकान, उसमें निवासरत परिवारों तथा अन्य आवश्यक सामाजिक-आर्थिक जानकारियों का संकलन कर रहे हैं।

# जलसंकट से जूझ रहे परतापुर रोड रहवासी

**नल चालक की मनमानी भारी, 7 दिन से सूखे नल**

**सिवनी नवभारत।** नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज अंतर्गत आने वाले परतापुर रोड सहित पृथ्वीराज चौहान वार्ड और महामाया वार्ड के रहवासी बीते 7 दिनों से गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। हालात यह हैं कि नलों में एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि नल चालक की मनमानी के चलते नियमित जल आपूर्ति बाधित हो रही है। पहले यह जिम्मेदारी प्रदीप यादव के पास थी, जिसे अब सलीम खान को सौंपा गया है, लेकिन बदलाव के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि नल चालक अपने परिचितों और चहेते लोगों को प्राथमिकता देते हुए पहले पानी उपलब्ध कराते हैं, जबकि अन्य रहवासी घंटों इंतजार करने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। जल संकट को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के इस दौर में जल आपूर्ति बाधित होने से आमजन का जीवन संकट में पड़ गया है। रहवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

## किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार, 23 मई तक बढ़ी गेहूं खरीदी तिथि - प्रदीप राय

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप राय ने कहा है कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता में किसान सर्वोच्च स्थान पर हैं और किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की चिंता करते हुए गेहूं उपार्जन पंजीयन (स्लाट बुकिंग) की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। और सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसान 23 मई तक स्लाट बुक कर सकते है और यदि आवश्यकता हुई तो इस तिथि को आगे भी बढाया जा सकता है ।

प्रदीप राय ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही परेशान हों। सरकार पूरी पारदर्शिता और प्राथमिकता के साथ खरीदी सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। किसानों की उपज की समय पर तुलाई और भुगतान सुनिश्चित किया जाए। विज्ञप्ति में बताया गया कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया और पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त बारदाना, तकनीकी संसाधन और स्टाफ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## रेडकॉस स्थापना सप्ताह : कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**सिवनी नवभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में रेडकॉस स्थापना दिवस (08 मई) के उपलक्ष्य में 02 मई से 08 मई तक रेडकॉस स्थापना सप्ताह सेवा कार्यों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. कल्पना इंगले के संरक्षण, रेडकॉस सोसाइटी के प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व तथा डॉ. राशिद खान के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन न्यू पहल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

शिविर में सिटी हॉस्पिटल, कॉमठी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. तंजीम आजमी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उनैजा आजमी, जनरल फिजिशियन डॉ. सारंग अत्तराम, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम साहू तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशफाक खान शामिल रहे। इस दौरान नेत्र परीक्षण, चश्मा परामर्श, ब्लड प्रेशर व शुगर जांच, ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए और जरूरतमंदों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कैंसर विशेषज्ञ द्वारा छात्राओं को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, स्टॉफ तथा शहर के अन्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## जिला प्रभारी अशोक रोहाणी का दो दिवसीय प्रवास 4 से

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सुदृढ़ता को लेकर निर्धारित नियमित बैठकों के क्रम में मई माह की मंडल स्तरीय बैठकों का दौर प्रारंभ हो गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना के मार्गदर्शन में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला संगठन के प्रभारी एवं कैंट विधायक श्री अशोक रोहाणी का 4 मई से दो दिवसीय सिवनी जिला प्रवास सुनिश्चित किया गया है। वे 4 एवं 5 मई को जिले में विभिन्न मंडलों का दौरा करेंगे। अपने प्रवास के दौरान श्री रोहाणी जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित बैठकों में पहुँचकर कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों की गहन समीक्षा करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

# दिगंबर जैन महिला परिषद की पदाधिकारियों ने बांटे शीतल पेय

**सिवनी नवभारत।** आदमी मुसाफिर है, आता है जाता है ,यह पंक्तियां किसी फिल्म की है लेकिन जीवन की हकीकत है इसी बात को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय भारतवषीय दिगंबर जैन महिला परिषद सुंदरी संभाग एकव महिला परिषद सिवनी द्वारा प्रति माह किए जाने वाले कार्यक्रमों के तहत इस माह रेलवे स्टेशन में पंचवेली ट्रेन एवं सिवनी नैनपुर दो ट्रेनों में यात्रियों को शीतल जल तथा पेप्सी वितरित कि गयी। इसी कड़ी में 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों को स्वलपाहार स्वरूप बिस्कुट नमकीन आदि वितरित किए गए रेलवे पुलिस रेलवे स्टाफ मजदूर तथा अपाहिज बुजुर्ग भी वहां मौजूद थे लोगों को शीतल जल वितरित किया गया

लगभग 900 यात्रियों को अपनी सेवा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस कार्य के लिए संगठन की पांतिय कार्यकारिणी द्वारा राशि एकत्र की गई थी सहयोगी में जनसंपर्क प्रभारी श्रीमती अंजलि जैन पाक्ति प्रभारी नीलम बाझल प्रीति कौशल प्राति अध्यक्ष अनीता दिवाकर वर्तमान अध्यक्ष स्वाति जैन सचिन पूर्वी जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती नीलम धानी साहब उपाध्यक्ष नीलू जैन सुधा बाझल आदि उपस्थित रही।

## विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में संतोष चौबे स्नातकोत्तर डिग्री, गोल्ड मेडल से सम्मानित

**सिवनी नवभारत।** मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष चौबे को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा अपने गरिमापूर्ण प्रथम दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिग्री गोल्ड मेडल से सम्मानित कर अलंकृत किया गया है। उक्त आयोजन में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोद, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, यूजीसी के चेयरमैन तथा विश्वविद्यालय कुलाधिपति डॉ बृजेंद्र सिंह गौतम समेत विधायक गण व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। आयोजन में संतोष चौबे के साथ

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता तपन भौमिक, सेवा निवृत लेफ्टिनेंट जनरल जी एस चंदेल, न्यूज एंकर व एबीपी की डायरेक्टर चित्रा त्रिपाठी, सनसनी न्यूज शो के होस्ट एंकर श्रीवर्धन त्रिवेदी को मानद उपाधि प्रदाय की गई है। श्री चौबे की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित किए है।

**सफलता** सिवनी की बेटी नौशील खान ने पाई सफलता, एशिया हॉकी टूर्नामेंट में बिखरेंगी अपनी हॉकी का जलवा

# नौशीन का एशिया कप हॉकी में चयन, मकसूद मिर्जा ने दिया साधुवाद

**सिवनी नवभारत।** मेहनत करने वालों को उनकी मेहनत का फल अवश्य मिलता है। लेकिन बुलंदी पर पहुंचने के बाद इंसान को अपने सहयोगियों को नहीं भूलना चाहिए सिवनी की बेटी नौशीन का एशिया हॉकी टूर्नामेंट हेतु भारतीय टीम कैंप में चयन पर लख-लख बधाइयां।। खेलकूद विभाग की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती मकसूद मिर्जा द्वारा नौशीन को बधाई देकर बताया गया की वर्ष 2000 में सिवनी में पदभार ग्रहण करने के बाद तरफ ग्राउंड पर चार लड़कियां खिलाड़ी नौशिन खान ताहूर खान तनु बिसेन और साजदा दौड़कर अभ्यास कर रही है उनकी रुचि पूछने पर उन्होंने हॉकी में रुचि होना बताया उनकी खेल के प्रति रुचि को देखते हुए श्रीमती मिर्जा ने उन्हें हांकी एवं ड्रेस दी और टफ पर रेगुलर प्रैक्टिस करने को कहा उस समय महिला कोच हेमा गौर राशिद कुरैशी शैलेंद्र यादव कोच थे।

वर्ष 2021 में ग्वालियर महिला अकादमी ने चयन करता के रूप में परमजीत जी को ताहूर नाज का चयन करने की बात कही इस दौरान श्रीमती मिर्जा ने नौशिन नाज की खेल प्रतिभा को देखते हुए उसे भी खेल में शामिल करने की बात कही और उन्होंने श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उसे अपने साथ ले गए और ग्वालियर एकेडमी में शामिल किया गया।

गौरतलब है कि नौशिन का हाकी के लिए समर्पण देखते हुए जिला हाकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर द्वारा राष्ट्रीय कोच परमजीत सिंह से नौशीन को एकेडमी में ले जाने हेतु आग्रह किया। उस समय नौशीन की उम्र 9 वर्ष थी, परमजीत सिंह ने कहा कि हम इतनी कम उम्र की बच्ची को नहीं ले जा सकते इस दौरान श्रीमती मिर्जा ने कहा कि इसका खर्च हम वहन करने को तैयार हैं ।तब परमजीत सिंह ने कहा कि ताहुर के साथतीनों को भेज दीजिए

उल्लेखनीय है कि 31,12,2021को कोच शैलेंद्र यादव के साथ राहुल नौशिन तनु बिसेन व साजदा को ट्रेन से जबलपुर से ग्वालियर रवाना किया इस दौरान मेरे परिवार के लोग भी मौजूद थे उन्हें छोड़ने के बाद हम लोग वापस हुए तनु विषय ग्वालियर अकैडमी से खेल कर बीएसएनल में नौकरी कर रही है सजदा नौशीन सब जूनियर महिला हॉकी टीम से खेल रही है सब जूनियर महिला हॉकी में नेशनल टूर्नामेंट झारखंड में 9 सेन द्वारा मध्य प्रदेश की ओर से सात गोल किया उसे बेस्ट स्टॉक का अवार्ड मिला और एशिया कप हेतु चयन हुआ बहुत-बहुत बधाई नौशीन का हाकी खेलने से लेकर ग्वाला ग्वालियर अकैडमी तक भेजने में श्रीमती मकसूद मिर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है हम सभी नौशीन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं मकसूद मिर्जा द्वारा इस खिलाड़ी की सहयोग कर अकादमी में भेजो जा चुका है जिसमें श्याम तिलगाम नामक महिला खिलाड़ी अकादमी से खेल कर वर्तमान में रेलवे में नौकरी कर रही है ऐसे अनेक खिलाड़ी हैं जिन्हें उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान किया है ऐसे खिलाड़ी के लिए अनेक सहयोगी होते हैं।

## कातलबोड़ी शाला में पदस्थ टीसी सनोडिया सेवामुक्त

**सिवनी नवभारत।** गत दिवस कातलबोड़ी की पाठ शाला में पदस्थ टी सी सनोडिया शिक्षक सेवा मुक्त हुय शाला परिवार एवं ग्रामीण जनों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में आर पी पाटिल सहायक संचालक शिक्षा विभाग, डी एस श्रीवास्तव सेवानिवृत प्रचार्य, मनीषसिंह प्रचार्य कातलबोड़ी ,महेशकुमार मेंश्राम शिक्षक मंच संचालन कर्ता एवं उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प माला दीप प्रज्जवलित कर राजेश मासाब एवं उनके बेटों ने सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत एवं अंत में विदाई गीत की प्रस्तुति दी तदुपरान्त स्वागत बेला शाल श्री फल, अभिनन्दन पत्र, टी सी सनोडिया जी को भेंट किया गया।अनेक वक्ताओं ने उपस्थित जनों को सम्बोधित किया। एक बात विशेष चर्चा का विषय रही वह थी खुले आसमान के नीचे आडोटोरियम मिनी हाल होता तो अच्छा होता।

स्थानीय विधायक दिनेशराय मुनमुन जी को मांग पत्र दिया गया इतना ही नहीं सामजिक कार्यकर्ता डा राजकुमार सनोडिया विधायक जी के दरबार में जनसुनवाई के दिन अपनी बात रखी जिसमें कातलबोड़ी में टीन सेट शाला परिसर के लिए उन्होंने देने का वादा किया परन्तु ऐसा लगता है कि उनके ध्यान में उक्त बात नहीं रही। लोगों ने कहा कि उन्हें पुनःअवगत कराया जाना चाहिए वे जनभावना की बात को अवश्य ही प्रमुखता देंगे ऐसा विश्वास है।कार्यक्रम उपरांत भोजन व्यवस्था शाला परिवार द्वारा की गई उपस्थित जनों नें सामूहिक रूप से भोजन किया तदुपरान्त टीसी शिक्षक एवं उनके पूरे परिवार को साकुशल विदाई दी।

कार्यक्रम में संतराम सनोडिया सरपंच, सुनील सनोडिया, राजाराम सनोडिया, परसराम सनोडिया, राजेश सनोडिया, पेसूराम सनोडिया, सुरेंद्र माल्या, डा राजकुमार सनोडिया सहित शाला परिवार एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति सराहनीय रही ।